रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०९ /२०२५ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

# CEN 09/2025 - Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 14/08/2026 |
| Test Time | 12:45 PM - 2:15 PM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I 2025 |

**Q.1** **एक शोधकर्ता को शीघ्र प्रभाव के लिए एक दवा को सीधे किसी अंग की कोशिकाओं तक पहुँचाना होता है। आस-पास की कोशिकाओं में इष्टतम विसरण के लिए डिलीवरी किस रक्त वाहिका को लक्षित करनी चाहिए?**

Ans A). वाल्वों की उपस्थिति के कारण शिराएं B). स्थूल प्रत्यास्थ भित्तियों के कारण धमनियां C). शिराएं क्योंकि वे रक्त एकत्र करती हैं D). एक-कोशिका की स्थूल भित्तियों के कारण केशिकाएं

Correct Answer: D

**Q.2** **रदरफोर्ड के α-कण प्रकीर्णन प्रयोग में, यह निष्कर्ष निकाला गया कि परमाणु का अधिकांश भाग रिक्त अंतराल है, क्योंकि_________।**

Ans A). अधिकांश α-कण पन्नी द्वारा अवशोषित कर लिए गए थे B). केवल कुछ ही α-कणों में विक्षेपण देखा गया था C). सोने के परमाणु रासायनिक रूप से अस्थिर थे D). परमाणुओं में इलेक्ट्रॉन विद्युत रूप से उदासीन थे

Correct Answer: B

**Q.3** **कंठ में उपस्थित निम्नलिखित में से कौन-सी संरचना मनुष्यों में वायु-मार्ग के निपात की रोकथाम के लिए उत्तरदायी होती है?**

Ans A). ग्रसनी B). स्वरयंत्र C). उपास्थि के वलय D). ग्रासनली

Correct Answer: C

**Q.4** **निम्नलिखित में से किसका आण्विक द्रव्यमान 44 u है?**

Ans A). $NH_3$ B). $CO_2$ C). $N_2$ D). $H_2O$

Correct Answer: B

**Q.5** **यौगिकों के निम्नलिखित किस युग्म का आणविक सूत्र समान होने के बावजूद उनके रासायनिक गुण भिन्न हैं?**

Ans A). एथेनॉल (Ethanol) और एथेनोइक अम्ल (ethanoic acid) B). एथेन (Ethane) और एथीन (ethene) C). प्रोपेनॉल (Propanol) और मेथेनॉल (methanol) D). ब्यूटेन (Butane) और आइसोब्यूटेन (isobutane)

Correct Answer: D

**Q.6** **जब कार्बन डाइऑक्साइड गैस को चूने के पानी (कैल्शियम हाइड्रॉक्साइड विलयन) से गुजारा जाता है, तो यह _____________ का श्वेत अवक्षेप उत्पन्न करता है।**

Ans A). कैल्शियम ऑक्साइड B). कैल्शियम सल्फेट C). कैल्शियम हाइड्रोजन कार्बोनेट D). कैल्शियम कार्बोनेट

Correct Answer: D

**Q.7** **पाचन क्रिया के दौरान मुंह में लार का मुख्य कार्य क्या होता है?**

Ans A). यह स्टार्च को सरल शर्करा में विघटित कर देती है B). यह पोषकों को अवशोषित करती है C). यह आमाशय तक भोजन का परिवहन करती है D). यह सभी जीवाणुओं को नष्ट कर देती है

Correct Answer: A

**Q.8** **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए।**

**कथन 1: किसी पारितंत्र में खाद्य श्रृंखलाएं अंतराबंधित होकर एक खाद्य जाल का निर्माण करती हैं।**
**कथन 2: खाद्य जाल जीवों की परस्पर-निर्भरता को दर्शाते हैं।**

**Ans** A). दोनों कथन असत्य हैं B). कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है C). कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है D). दोनों कथन सत्य हैं **Correct Answer: D**

**Q.9** **यदि 1 N के बल द्वारा किसी वस्तु को बल-रेखा के अनुदिश 1 m तक विस्थापित किया जाता है, तो किया गया कार्य क्या होगा?**

**Ans** A). 10 J B). 0.1 J C). 1 J D). 0.5 J **Correct Answer: C**

**Q.10** **मान लीजिए किसी घर में सभी 5 A के सॉकेट को 15 A के सॉकेट से बदल दिया जाता है और प्रत्येक सॉकेट से कई उच्च-शक्ति वाले उपकरण जोड़ दिए जाते हैं। इससे क्या संभावित जोखिम उत्पन्न होता है, और क्यों?**

**Ans** A). यह सुनिश्चित करता है कि सभी उपकरण निम्न वोल्टता पर कार्य करेंगे B). यह फ्यूज को किसी भी स्थिति में कार्य करने से रोकता है
C). इससे घर में विद्युत खतरों का जोखिम कम हो जाता है D). इससे अत्यधिक धारा के कारण ओवरलोडिंग और संभावित शॉर्ट-सर्किट का जोखिम बढ़ जाता है

**Correct Answer: D**

**Q.11** **किसी वेग-समय ग्राफ की व्याख्या करते समय, किसी विशिष्ट समय-अंतराल के दौरान ग्राफ के अंतर्गत क्षेत्रफल किस भौतिक राशि को निरूपित करता है?**

**Ans** A). कार के त्वरण B). वेग में परिवर्तन C). कार की चाल D). यात्रा की गई दूरी (या विस्थापन) **Correct Answer: D**

**Q.12** **निम्नलिखित में से कौन-सा, मानव नेत्र की समंजन क्षमता (power of accommodation) का सर्वोत्तम रूप से वर्णन करता है?**

**Ans** A). गतिमान वस्तुओं का अनुसरण करने के लिए नेत्र-गोलक का संचलन B). प्रकाश तीव्रता के साथ पुतली की आकार परिवर्तित करने की क्षमता
C). बेहतर दृष्टि के लिए पलक स्थिति का समायोजन D). विभिन्न दूरियों पर वस्तुओं पर फोकस करने के लिए नेत्र लेंस की अपनी फोकस दूरी परिवर्तित करने की क्षमता

**Correct Answer: D**

**Q.13** **एक विद्यार्थी एक सीधे, धारावाही चालक के निकट एक कंपास रखता है और सुई के विक्षेपण का प्रेक्षण करता है। यह प्रेक्षण चालक के चारों ओर क्षेत्र के संबंध में क्या इंगित करता है?**

**Ans** A). चालक के चारों ओर चुंबकीय क्षेत्र उपस्थित होता है B). चालक के चारों ओर ऊष्मा उत्पन्न होती है C). क्षेत्र गुरुत्वीय रूप से सक्रिय हो जाता है
D). चालक के चारों ओर विद्युत क्षेत्र उत्पन्न होता है **Correct Answer: A**

**Q.14** **यातायात निगरानी कैमरा में 2 m वक्रता त्रिज्या वाले उत्तल दर्पण का उपयोग किया जाता है। दर्पण से 3 m दूरी पर स्थित कार का प्रतिबिंब कहाँ दिखाई देगा?**

**Ans** A). दर्पण के सामने 0.12 m B). दर्पण के सामने 3 m C). दर्पण के पीछे 3 m D). दर्पण की पीछे 0.75 m **Correct Answer: D**

**Q.15** **कॉपर के वैद्युतअपघटनी परिष्करण के दौरान, निम्नलिखित में से कौन-सा, घटक और उनकी भूमिका को सुमेलित करता है?**

| घटक | परिष्करण प्रक्रिया में भूमिका |
|---|---|
| A. शुद्ध कॉपर | i. ऐनोड |
| B. अशुद्ध कॉपर | ii. कैथोड |
| C. अम्लीकृत कॉपर सल्फेट | iii. वैद्युतअपघट्य |

**Ans** A). A - ii, B - i, C - iii B). A - iii, B - i, C - ii C). A - ii, B - iii, C - i D). A - i, B - ii, C - iii **Correct Answer: A**

**Q.16** **निम्नलिखित में से किस एक को छोड़कर शेष सभी पृथ्वी की प्राकृतिक प्रणालियों को पुनर्स्थापित करने के तरीके हैं?**

**Ans** A). जल की बचत करना और अपशिष्ट का पुनर्चक्रण करना B). जीवाश्म ईंधन के उपयोग में वृद्धि करना C). सौर और पवन ऊर्जा का उपयोग करना
D). वृक्षारोपण करना और संधारणीय कृषि का अभ्यास करना **Correct Answer: B**

**Q.17** **$CH_3$-$C(CH_3)_2$-$CH_2$-$CH_3$ यौगिक का IUPAC नाम क्या है?**

**Ans** A). 2,3-डाइमेथिलब्यूटेन (2,3-Dimethylbutane) B). 1,2-डाइमेथिलब्यूटेन (1,2-Dimethylbutane) C). 3,3-डाइमेथिलब्यूटेन (3,3-Dimethylbutane)
D). 2,2-डाइमेथिलब्यूटेन (2,2-Dimethylbutane) **Correct Answer: D**

**Q.18** जीवाणु कोशिका में, आनुवंशिक पदार्थ बिना किसी परिवेशी झिल्ली के एक क्षेत्र में पाया जाता है, जिसे __________ कहा जाता है।

Ans A). केंद्रकाभ B). न्यूक्लिओलस C). कोशिका द्रव्य D). रिक्तिका

Correct Answer: A

**Q.19** यदि कोई शोधकर्ता यह पाता है कि एक पादप कोशिका किसी विशिष्ट विलयन में न तो फूल रही है और न ही संकुचित हो रही है, तो वह यह निष्कर्ष निकाल सकता है कि विलयन ________ है।

Ans A). सांद्रित B). समपरासारी C). शुद्ध जल D). अल्पपरासारी

Correct Answer: B

**Q.20** किसी ट्रॉली को ऋजु पथ पर 40 N के नियत बल से खींचा जाता है। यदि ट्रॉली पर किया गया कार्य 240 J है, तो ट्रॉली कितनी दूरी तय करती है?

Ans A). 12 m B). 6 m C). 2 m D). 4 m

Correct Answer: B

**Q.21** अवतल दर्पण के मुख्य फोकस से गुजरने वाली किरण, परावर्तन के बाद ______ ।

Ans A). ध्रुव पर अभिसरित होगी B). वक्रता केंद्र के माध्यम से वापस परावर्तित होगी C). मुख्य अक्ष के समानांतर निकलेगी D). दर्पण से अपसारित होगी

Correct Answer: C

**Q.22** एकसमान त्वरण से गतिमान किसी पिंड के लिए वेग-समय ग्राफ में ऊपर की ओर ढाल वाली एक सीधी रेखा होती है। दो समय बिंदुओं के बीच इस रेखा के अंतर्गत क्षेत्रफल क्या दर्शाता है?

Ans A). उस समय अंतराल के दौरान औसत वेग B). उस समय अंतराल के दौरान पिंड का त्वरण C). उस समय अंतराल के दौरान वेग में कुल परिवर्तन D). उस समय अंतराल के दौरान पिंड का विस्थापन

Correct Answer: D

**Q.23** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, विषमांगी मिश्रण को सबसे सटीक रूप से दर्शाता है?

Ans A). शर्करा और जल का विलयन B). बालू और जल का विलयन C). ऐसीटिक अम्ल और जल का विलयन D). सोडियम क्लोराइड और जल

Correct Answer: B

**Q.24** एक संरक्षण जीवविज्ञानी केवल एक विशिष्ट भारतीय क्षेत्र में पाए जाने वाले नीलगिरी तहर (Nilgiri tahr) की रक्षा के लिए एक रणनीति तैयार कर रहा है। इसके वर्गीकरण के आधार पर इसके संरक्षण के लिए कौन-सा उपागम सबसे उपयुक्त होगा?

Ans A). प्रजातिगत वन्यजीव अभयारण्यों का निर्माण करना B). पश्चिमी घाट में इसके स्थानिक पर्यावास पर फोकस करना C). अन्य क्षेत्रों में प्रजातियों का स्थानांतरण करना D). अन्यत्र व्यापक प्रजातियों को प्राथमिकता देना

Correct Answer: B

**Q.25** निम्नलिखित में से कौन-सा प्राथमिक कारक यह निर्धारित करता है कि एक तत्व दूसरे तत्व को उसके यौगिक से विस्थापित कर सकता है?

Ans A). परमाण्विक द्रव्यमानों में अंतर B). संबंधित तत्वों की सापेक्षिक अभिक्रियाशीलता C). विलयन सांद्रता में अंतर D). भौतिक अवस्था में अंतर

Correct Answer: B

**Q.26** 16 - 5 × 3 + 19 का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 19 B). 22 C). 20 D). 18

Correct Answer: C

**Q.27** रमन की आय ₹43,000 है। वह अपनी आय के 26% की बचत करता है। यदि उसकी आय में 20% की वृद्धि होती है और व्यय में 40% की वृद्धि होती है, तो उसकी बचत में ____ होगी।

Ans A). ₹4,133 की वृद्धि B). ₹4,128 की कमी C). ₹4,133 की कमी D). ₹4,131 की वृद्धि

Correct Answer: B

**Q.28** एक कुकर का अंकित मूल्य चार दुकानों - I, II, III और IV पर एकसमान है। कुकर के अंकित मूल्य पर दुकान I, 84% और 97% की दो क्रमिक छूट प्रदान करती है, दुकान II, 42% और 94% की क्रमिक छूट प्रदान करती है, दुकान III, 50% और 85% की क्रमिक छूट प्रदान करती है और दुकान IV, 89%, 37% और 82% की क्रमिक छूट प्रदान करती है। कौन-सी दुकान कुकर को सबसे कम मूल्य पर बेच रही है?

Ans A). II B). I C). IV D). III

Correct Answer: B

**Q.29** 65 cm भुजा वाले घन का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

Ans A). 25332 $cm^2$ B). 25350 $cm^2$ C). 25386 $cm^2$ D). 25320 $cm^2$

Correct Answer: B

**Q.30** $\dfrac{\sqrt{264} \times \sqrt{330} \times \sqrt{1125}}{\sqrt{1296} \times \sqrt{400}}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). $\dfrac{89}{6}$ B). $\dfrac{55}{4}$ C). $\dfrac{11}{2}$ D). $\dfrac{38}{3}$

Correct Answer: B

**Q.31** अरविंद ने एक वस्तु ₹x में खरीदी। उसने इसे बीरू को 26% हानि पर बेच दिया। बीरू ने इसके परिवहन पर ₹102 खर्च किए और इसे मीनू को 50% लाभ पर बेच दिया। यदि मीनू ने इसे ₹1,374 में खरीदा, तो x का मान कितना है?

Ans A). 1,100 B). 1,120 C). 1,060 D). 1,080

Correct Answer: A

**Q.32** ₹1,200 पर 6% मासिक ब्याज दर से 10 महीनों का साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 60 B). 720 C). 120 D). 80

Correct Answer: B

**Q.33** एक विद्यार्थी को 40% भार वाले एक असाइनमेंट में 80 अंक तथा 60% भार वाले प्रोजेक्ट में 70 अंक प्राप्त होते हैं। भारित औसत अंक कितना है?

Ans A). 72 B). 70 C). 80 D). 74

Correct Answer: D

**Q.34** यदि $116^{0.26} = x$, $116^{0.1} = y$ और $x^z = y^4$ है, तो z का मान किसके निकटतम है?

Ans A). 1.54 B). 3.39 C). 0.58 D). 2.42

Correct Answer: A

**Q.35** केंद्र O वाले एक वृत्त की दो जीवाएँ AB और CD बिंदु E पर मिलती हैं। यदि कोण AOC = 54° और कोण BOD = 48° है, तो कोण BED का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 53° B). 50° C). 52° D). 51°

Correct Answer: D

**Q.36** चार विषयों को क्रमशः 2, 3, 4 और 1 का भारांक दिया गया है। एक छात्र ने इन विषयों में 60, 70, 80 और 90 अंक प्राप्त किए हैं। इन अंकों का भारित माध्य (weighted mean) कितना है?

Ans A). 64 B). 78 C). 68 D). 74

Correct Answer: D

**Q.37** एक बस, शहर A से 7:00 a.m. पर प्रस्थान करती है और 48 km/h की चाल से चलती है। 10:00 a.m. पर चालक 30 मिनट के विश्राम के लिए रुकता है। इसके बाद, वह 60 km/h की चाल से अपनी यात्रा जारी रखता है। वह शहर A से 300 km की दूरी पर स्थित शहर B किस समय पर पहुंचता है?

Ans A). 12:56 pm B). 1:06 pm C). 1:30 pm D). 1:10 pm

Correct Answer: B

**Q.38** एक बैंक 6.8% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज देता है, जो अर्ध-वार्षिक रूप से संयोजित होता है। कोई ग्राहक एक वर्ष की 1 जनवरी को ₹3,485 और 1 जुलाई को ₹3,485 जमा करता है। वर्ष के अंत में, उसे ब्याज के रूप में कितनी राशि प्राप्त होगी? (दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित करें)

Ans A). ₹376.50 B). ₹348.50 C). ₹352.50 D). ₹359.50

Correct Answer: D

**Q.39** पाइप A एक टैंक को 6 घंटे में भर सकता है, पाइप B उसी टैंक को 28 घंटे में भर सकता है और पाइप C उसी टैंक को 21 घंटे में भर सकता है। यदि वे एक साथ चालू होते हैं, तो उसी टैंक का 1/4 भाग भरने में उन्हें कितना समय (घंटों में) लगेगा?

Ans A). 1 B). 4 C). 3 D). 2

Correct Answer: A

**Q.40** 2 m त्रिज्या और 7 m ऊंचाई वाला एक बेलनाकार टैंक पूरी तरह से पानी से भरा हुआ है। 10% पानी के लीक हो जाने के पश्चात, बड़े टैंक में शेष पानी को दूध के साथ 4 : 1 के अनुपात में मिश्रित किया जाता है। बड़े टैंक के पानी में कितने लीटर दूध मिलाया जाता है? (π = 22/7 का उपयोग करें)

Ans A). 19800 B). 17800 C). 19400 D). 18400


Correct Answer: A


**Q.41** यदि $\cos A = \dfrac{9}{41}$ है, A एक न्यूनकोण है, तो $\operatorname{cosec} A \cos A + \sec A \sin A$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). $2\dfrac{131}{180}$ B). $3\dfrac{119}{180}$ C). $5\dfrac{317}{360}$ D). $4\dfrac{241}{360}$

Correct Answer: D

Q.42 नीचे दिए गए पाई चार्टों के अनुसार, स्कूल A अपने बजट का 33.3% शिक्षकों के वेतन पर खर्च करता है, जबकि स्कूल B अपने बजट का 25.5% इसी पर खर्च करता है। यदि दोनों स्कूलों का कुल बजट ₹36,00,000 है, तो स्कूल A, स्कूल B की तुलना में वेतन पर कितना अधिक (₹ में) खर्च करता है?




इमेज संदर्भ:-

**School A Budget = स्कूल A बजट**
Teacher Salaries 33.3% = शिक्षकों का वेतन 33.3%
Other Spending 66.7% = अन्य खर्च 66.7%

**School B Budget = स्कूल B बजट**
Teacher Salaries 25.5% = शिक्षकों का वेतन 25.5%
Other Spending 74.5% = अन्य खर्च 74.5%

**Ans** A). 4,00,000 B). 2,00,000 C). 2,80,800 D). 5,00,000

**Correct Answer: C**

Q.43 यदि निम्नलिखित बंटन का माध्य 64 है, तो (9x + 2y) का मान ज्ञात कीजिए।

| वर्ग | 0-20 | 20-40 | 40-60 | 60-80 | 80-100 | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बारंबारता | 8 | 20 | x | 6 | y | 80 |

**Ans** A). 106 B). 99 C). 113 D). 94

**Correct Answer: C**

**Q.44** एक व्यक्ति, मोटरबाइक से कुल 800 km की दूरी तय करता है। पहले 12 घंटों के लिए उसकी चाल 50 km/hr थी तथा शेष यात्रा के लिए उसकी चाल घटकर 25 km/hr हो गई। औसत चाल (km/hr में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 40 | B). 48 | C). 36 | D). 42

**Correct Answer: A**

**Q.45** निम्नलिखित व्यंजक को सरल कीजिए:
$(2a + 3b + 4c)^2 + (2a - 3b - 4c)^2 - 8a^2 - 18b^2 - 32c^2$

**Ans** A). 12bc | B). 48bc | C). 16ac | D). 24ab

**Correct Answer: B**

**Q.46** $[(1 + \cot^2 A) + (1 + \frac{1}{\cot^2 A})] \times \sin^2 A \cos^2 A$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 4 | B). 3 | C). 1 | D). 5

**Correct Answer: C**

**Q.47** एक स्थानीय क्लब के चुनाव में, दो उम्मीदवारों को 7 : 5 के अनुपात में वोट मिले। यदि डाले गए कुल वोटों की संख्या 360 थी, तो विजयी उम्मीदवार को कितने वोट मिले?

**Ans** A). 240 | B). 180 | C). 200 | D). 210

**Correct Answer: D**

**Q.48** $3 + \sqrt{2}$ और $12 - \sqrt{32}$ का मध्यानुपाती कितना है?

**Ans** A). $3\sqrt{6}$ | B). $2\sqrt{6}$ | C). $2\sqrt{7}$ | D). $3\sqrt{7}$

**Correct Answer: C**

**Q.49** मनोज का वजन, संजू के वजन का $\frac{5}{7}$ गुना है। संजू का वजन, मनोज के वजन से कितने भाग (fraction) अधिक है?

**Ans** A). $\frac{7}{5}$ | B). $\frac{2}{7}$ | C). $\frac{2}{5}$ | D). $\frac{3}{7}$

**Correct Answer: C**

**Q.50** ₹5,000 की धनराशि को 8% वार्षिक ब्याज दर पर 2 वर्षों के लिए निवेश किया जाता है। चक्रवृद्धि ब्याज (वार्षिक रूप से संयोजित) और साधारण ब्याज के बीच का अंतर (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). ₹32 | B). ₹20 | C). ₹50 | D). ₹80

**Correct Answer: A**

**Q.51** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर समूह युग्मों में से तीन अक्षर-समूह युग्म किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर समूह में उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है)

**Ans** A). MO - RT | B). EG - JL | C). QS - VX | D). IK - NQ

**Correct Answer: D**

**Q.52** निम्न संख्या शृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी चाहिए। सभी संख्याएँ एकल-अंकीय संख्याएँ हैं।

(बाएँ) 6 3 7 1 2 3 8 6 4 2 9 7 1 3 8 5 3 2 1 9 6 4 (दाएँ)

ऐसे कितने विषम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक है और ठीक बाद में भी एक सम अंक है?

**Ans** A). एक भी नहीं | B). दो | C). एक | D). तीन

**Correct Answer: C**

**Q.53** एक निश्चित कूट भाषा में, 'learn from mistakes' को 'wg ht kc' के रूप में और 'mistakes shape us' को 'aq sn ht' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी कूट भाषा में 'mistakes' को किस प्रकार कूटबद्ध किया गया है? (सभी कूट दो-अक्षरों के कूट हैं।)

**Ans** A). kc | B). aq | C). wg | D). ht

**Correct Answer: D**

**Q.54** सात डिब्बों I, J, K, Q, R, S और T को एक के ऊपर एक रखा गया है, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। केवल Q को I के ऊपर रखा गया है। J और K के बीच केवल R को रखा गया है। J के नीचे केवल S को रखा गया है। R और Q के बीच कितने डिब्बों को रखा गया है?

**Ans** A). दो | B). एक | C). तीन | D). चार

**Correct Answer: C**

**Q.55** एक निश्चित कूट भाषा में,
A # B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',
A % B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A – B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
A @ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'M % E # W – P @ K' है, तो M का K से क्या संबंध है?

**Ans** A). पुत्र B). पिता C). पति D). भाई

**Correct Answer: D**

---

**Q.56** निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?

GOT : # :: % : SFM

**Ans** A). # = GRW, % = PGJ B). # = KPS, % = PGJ C). # = JRW, % = PCJ D). # = JPW, % = PCJ

**Correct Answer: C**

---

**Q.57** दी गई संख्या श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी चाहिए। सभी संख्याएँ एक-अंकीय संख्याएँ हैं।

(बाएँ) 7 1 5 9 2 7 6 5 8 2 3 2 5 9 7 8 6 4 2 8 (दाएँ)

ऐसे कितने सम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम अंक है और ठीक बाद में भी एक विषम अंक है?

**Ans** A). तीन B). एक C). चार D). दो

**Correct Answer: A**

---

**Q.58** यदि 'A' का अर्थ '+' है, 'B' का अर्थ '–' है, 'C' का अर्थ '×' है और 'D' का अर्थ '÷' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

80 D 10 C 3 A 12 B 7 = ?

**Ans** A). 30 B). 29 C). 27 D). 28

**Correct Answer: B**

---

**Q.59** इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद दो कथन दिए गए हैं, जिन्हें (I) और (II) क्रमांकित किया गया है। आपको यह तय करना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है। दोनों कथनों को पढ़ें और उचित उत्तर चुनें।
पांच छड़ियों V, H, Y, D और N में से प्रत्येक की लंबाई अलग-अलग है। इनमें से सबसे लंबी छड़ी कौन-सी है?
(I) H, V से छोटी है लेकिन Y से लंबी है।
(II) D, N से लंबी है।

**Ans** A). कथन II में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है

B). कथन I में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है

C). कथन I और II दोनों संयुक्त रूप से प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं

D). कथन I और II दोनों संयुक्त रूप से (और केवल कथन I या कथन II नहीं) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं

**Correct Answer: C**

---

**Q.60** यह प्रश्न दिए गए शब्दों पर आधारित है।

(बाएँ) TOFU, BOTH, FARE, SANE, ZERO (दाएँ)

बाएँ से पहले शब्द के चौथे अक्षर और दाएँ से पहले शब्द के पहले अक्षर के बीच, अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर हैं?

**Ans** A). दो B). चार C). एक D). तीन

**Correct Answer: B**

---

**Q.61** शब्द MAGNIFIERS के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले दूसरे अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने अक्षर-समूह में निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर ठीक दो बार आएगा?

**Ans** A). J B). D C). L D). F

**Correct Answer: A**

---

**Q.62** एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए, 33 का संबंध 136 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 28 का संबंध 116 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए,18 का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएं केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

**Ans** A). 77 B). 84 C). 74 D). 76

**Correct Answer: D**

**Q.63** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

SHR APZ IXH QFP ?

Ans A). YNX B). NYX C). NXY D). YNI

**Correct Answer: A**

**Q.64** यदि संख्या 5891632 में प्रत्येक सम अंक में 1 जोड़ा जाता है और प्रत्येक विषम अंक में से 1 घटाया जाता है, तो इस प्रकार बनी संख्या में सबसे बड़े और सबसे छोटे अंकों के बीच का अंतर कितना होगा?

Ans A). 5 B). 9 C). 8 D). 7

**Correct Answer: B**

**Q.65** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans A). WAZ B). ZDC C). EJH D). XBA

**Correct Answer: C**

**Q.66** एक निश्चित तरीके से QP 5 का संबंध TL -6 से है। उसी प्रकार, HG 9 का संबंध KC -2 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, LK 19 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans A). FT 6 B). DG 7 C). JI 5 D). OG 8

**Correct Answer: D**

**Q.67** संख्या 6743219 में, प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएं से दूसरे और दाएं से दूसरे अंकों का योगफल कितना होगा?

Ans A). 10 B). 8 C). 11 D). 9

**Correct Answer: D**

**Q.68** दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?
7 21 43 73 111 ?

Ans A). 157 B). 151 C). 153 D). 163

**Correct Answer: A**

**Q.69** A, G, H, P, S और Y एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, इसके ऊपर के तल का क्रमांक 2 है और इसी तरह, सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है। S तल क्रमांक 5 पर रहता है। S के ऊपर वाले तल पर G रहता है। H के नीचे केवल Y रहता है। P किसी सम-क्रमांक वाले तल पर रहता है।
A से नीचे कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans A). दो B). एक C). तीन D). चार

**Correct Answer: A**

**Q.70** एक निश्चित कूट भाषा में,
A @ B का अर्थ है कि 'A, B की माता है'
A # B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'
A $ B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'
A % B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'कोरी @ एशले $ शाना % जेस # मार्शा' है, तो कोरी का मार्शा से क्या संबंध है?

Ans A). पिता की माता B). माता की बहन C). पिता की बहन D). माता की माता

**Correct Answer: D**

**Q.71** शब्द YANKING के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बने नए अक्षर समूह में, बाएं से पहले अक्षर और दाएं से चौथे अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर हैं?

Ans A). 9 B). 13 C). 12 D). 11

**Correct Answer: A**

**Q.72** एक प्रश्न के बाद दो कथन, (I) और (II) दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़ें और सही उत्तर का चयन करें।

**Q.** अमु, बारी, कोना, दीनू और ईश एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। कोना के ठीक दाईं ओर पड़ोस में कौन बैठा है?
**(I)** अमु, बारी के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। कोना, बारी के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है।
**(II)** दीनू, ईश के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। अमु, दीनू के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है।

Ans A). अकेले कथन II में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।

B). कथन I और कथन II दोनों मिलकर भी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

C). कथन I और कथन II दोनों मिलकर (और न कि अकेले कथन I या अकेले कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।

D). अकेले कथन I में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।

**Correct Answer: C**

Q.73 नीचे दिए गए त्रिक में, अक्षरों का प्रत्येक समूह एक निश्चित तर्क के अनुसार अपने बाद वाले समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए, जो समान तर्क का अनुसरण करता है।

BUNK - BKNU - KNUB
POUR - PRUO - RUOP

Ans A). DEAR - DRAE - RAED B). VENT - VETN - ENTV C). MONK - OMNK - KONM D). RING - RNIG - GNIR

Correct Answer: A

Q.74 एक पंक्ति में सभी 54 व्यक्ति उत्तर की ओर अभिमुख होकर खड़े हैं। अरुणा बाएं छोर से 18वें स्थान पर है जबकि तृप्ति दाएं छोर से 17वें स्थान पर है। अरुणा और तृप्ति के बीच कितने व्यक्ति हैं?

Ans A). 19 B). 17 C). 18 D). 20

Correct Answer: A

Q.75 सात व्यक्ति, P, Q, S, T, U, V और W, उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। P और T के बीच ठीक पाँच व्यक्ति बैठे हैं। W, T के ठीक बाएँ पड़ोस में बैठा है। W और Q के बीच ठीक एक व्यक्ति बैठा है। S, U के बाएँ किसी स्थान पर लेकिन V के दाएँ किसी स्थान पर बैठा है। दी गई जानकारी के आधार पर, पंक्ति के बाएँ छोर से तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans A). Q B). P C). S D). W

Correct Answer: C

Q.76 B, D, E, P, S, T और W एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
T के बाईं ओर से गिनने पर B और T के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। E, W के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। P, W के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। P, B के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। S, E का निकटतम पड़ोसी नहीं है।
D के दाईं ओर से गिनने पर D और W के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans A). चार B). तीन C). दो D). एक

Correct Answer: D

Q.77 एक प्रश्न के बाद दो कथन दिए गए हैं, जिन्हें (I) और (II) क्रमांकित किया गया है। आपको यह तय करना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है। दोनों कथनों को पढ़ें और उचित उत्तर चुनें।
पांच छड़ियों V, H, Y, D और N में से प्रत्येक की लंबाई अलग-अलग है। इनमें से सबसे लंबी छड़ी कौन-सी है?
(I) Y, N से छोटी है।
(II) D, N से लंबी है।

Ans A). कथन I और II दोनों संयुक्त रूप से प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं

B). कथन II में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है

C). कथन I में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है

D). कथन I और II दोनों संयुक्त रूप से (और केवल कथन I या कथन II नहीं) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं

Correct Answer: A

Q.78 प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है।

(बाएं) EYE, SAT, EAR, CAT (दाएं)

दाएं से तीसरे शब्द के तीसरे अक्षर और बाएं से पहले शब्द के दूसरे अक्षर के बीच अंग्रेज़ी वर्णमाला क्रम के अनुसार कितने अक्षर हैं?

Ans A). पाँच B). छह C). चार D). तीन

Correct Answer: C

Q.79 एक निश्चित तर्क के अनुसार, 57 का संबंध 173 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 65 का संबंध 197 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए 49 का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएं, केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans A). 122 B). 149 C). 136 D). 175

Correct Answer: B

Q.80 निम्नलिखित अक्षर, संख्या, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। सभी संख्याएं केवल एक अंक की संख्याएं हैं। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 1 T 5 # 6 % G F 4 & J @ S R 7 ! N * Q H $ (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनके ठीक पहले एक अक्षर है और ठीक बाद में एक संख्या है?

Ans A). दो B). तीन C). एक भी नहीं D). एक

Correct Answer: C

**Q.81** **झारखंड के किस प्रमुख जनजातीय नेता और तीन बार मुख्यमंत्री रह चुके व्यक्ति को 2026 में मरणोपरांत आधिकारिक तौर पर पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया?**

Ans A). श्री अर्जुन मुंडा B). श्री शिबू सोरेन C). श्री बाबूलाल मरांडी D). श्री मधु कोड़ा

Correct Answer: B

**Q.82** **भारत के युवा विद्यार्थियों में वैज्ञानिक जिज्ञासा को पोषित करने के लिए किस संगठन ने युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम "YUVIKA-2026" का शुभारंभ किया है?**

Ans A). राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद B). शिक्षा मंत्रालय C). वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद D). भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन

Correct Answer: D

**Q.83** **मई 2026 में एशियाई उत्पादकता संगठन (Asian Productivity Organization) की शासी निकाय बैठक के 68वें सत्र की मेजबानी किस भारतीय निकाय ने की?**

Ans A). राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद B). नीति आयोग C). विदेश मंत्रालय D). अखिल भारतीय व्यापार और सामुदायिक फाउंडेशन

Correct Answer: A

**Q.84** **किस संगठन ने गहन अंतरिक्ष मिशनों में तकनीकी उन्नति और स्वदेशी उच्च शक्ति प्रणालियों के विकास के लिए मई 2026 में ISRO टेलीमेट्री, ट्रैकिंग एंड कमांड नेटवर्क (ISTRAC) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे?**

Ans A). सोसाइटी फॉर एप्लाइड माइक्रोवेव इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग एंड रिसर्च B). सेमीकंडक्टर एप्लिकेशंस एंड माइक्रोवेव इंजीनियरिंग रिसर्च C). स्पेस एप्लिकेशंस फॉर माइक्रोवेव इंजीनियरिंग एंड रिसर्च D). साइंटिफिक एसोसिएशन फॉर माइक्रोवेव इलेक्ट्रॉनिक्स एंड रडार

Correct Answer: A

**Q.85** **एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप 2026, जिसमें भारत ने 10 पदक जीते थे, किस शहर में आयोजित की गई थी?**

Ans A). बर्मिंघम (Birmingham) B). पुणे C). जियांगशान (Jiangshan) D). गांधीनगर

Correct Answer: D

**Q.86** **भारत के केंद्रीय वित्त मंत्री की घोषणा के अनुसार, सरकार 2025–26 में जिला अस्पतालों में कितने डे केयर कैंसर सेंटर (Day Care Cancer Centres) स्थापित करेगी?**

Ans A). 500 B). 200 C). 300 D). 400

Correct Answer: B

**Q.87** **नई दिल्ली में विद्युत मंत्रालय और पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अंतर्गत ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा आयोजित 'कार्बन बाजारों पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन-प्रकृति 2026' की थीम क्या थी?**

Ans A). स्वच्छ ऊर्जा नवाचार और वित्तपोषण के माध्यम से जलवायु लचीलापन निर्मित करना

B). वैश्विक साझेदारी और डिजिटल माध्यमों के माध्यम से एनडीसी कार्यान्वयन हेतु कार्बन वित्त को सुगम बनाना

C). संधारणीय औद्योगिक रूपांतरण के लिए नवीकरणीय ऊर्जा को गति प्रदान करना D). नेट जीरो और ऊर्जा सुरक्षा के लिए हरित प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देना

Correct Answer: B

**Q.88** **क्षमता विकास आयोग (CBC) के स्थापना दिवस और मिशन कर्मयोगी के पांच वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 2 से 8 अप्रैल 2026 तक आयोजित सप्ताहभर शासन और क्षमता विकास के किस पहल में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित भारतीय ज्ञान परंपरा (IKS) पर एक संवादपूर्ण सत्र शामिल था?**

Ans A). विकसित भारत सप्ताह 2026 B). साधना सप्ताह 2026 C). कर्मयोगी शासन सप्ताह 2026 D). राष्ट्रीय शिक्षा उन्नति सप्ताह 2026

Correct Answer: B

**Q.89** **जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) विधेयक, 2026 को भारत के नियामक प्रवर्तन ढांचे में किस प्रमुख परिवर्तन को बढ़ावा देकर जन विश्वास अधिनियम, 2023 के आधार पर बनाया गया है?**

Ans A). केंद्र सरकार के अंतर्गत सभी नियामक शक्तियों का केंद्रीकरण करना B). व्यापार करने में सुगमता में सुधार के लिए छोटे-मोटे अपराधों को अपराधमुक्त करना

C). सिविल दंड को अनिवार्य कारावास से प्रतिस्थापित करना D). आर्थिक अपराधों के लिए निवारक हिरासत का विस्तार करना

Correct Answer: B

**Q.90** **फरवरी 2026 में भारतीय नौसेना ने विशाखापत्तनम के तट पर किस बहुपक्षीय नौसैनिक अभ्यास की मेजबानी की, जिसमें 42 जहाज और 29 विमान शामिल थे?**

Ans A). मालाबार (Malabar) B). वरुण (Varuna) C). मिलन (MILAN) D). कोंकण (Konkan)

Correct Answer: C

**Q.91** **मई माह 2026 के हाल के भारतीय खेल समाचारों में सिद्धांत बंठिया से कौन-सी उपलब्धि संबद्ध है?**

Ans A). अलेक्जेंडर डोंस्की के साथ डबल्स टेनिस खिताब हासिल करना B). उत्कृष्टता के लिए अर्जुन पुरस्कार प्राप्त करना

C). भारतीय क्रिकेट टीम की कप्तानी करते हुए सीरीज़ जीतना D). राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप जीतना

Correct Answer: A

**Q.92** **3 जनवरी 2026 को अमेरिकी सेना ने "ऑपरेशन रिजॉल्व" का संचालन किया — यह किस देश की राजधानी में उसके राष्ट्रपति को पकड़ने के लिए की गई एक अकस्मात् रेड (surprise raid) थी, जिन्हें बाद में नार्को-टेररिज्म के आरोपों का सामना करने के लिए न्यूयॉर्क ले जाया गया?**

Ans A). कोलंबिया (Colombia) B). क्यूबा (Cuba) C). वेनेज़ुएला (Venezuela) D). बोलिविया (Bolivia)

Correct Answer: C

**Q.93** **मई 2026 में रांची में फेडरेशन कप के दौरान भारतीय स्प्रिंटिंग ने एक ऐतिहासिक क्षण देखा। 100m स्पर्धा में 10.10-सेकंड के बैरियर को तोड़ने वाले प्रथम भारतीय पुरुष धावक कौन बने?**

Ans A). विशाल टी.के B). गुरिंदरवीर सिंह C). अनिमेष कुजूर D). यशस पी.

Correct Answer: B

**Q.94** **पोलैंड के टोरून (Toruń) में आयोजित 2026 वर्ल्ड एथलेटिक्स इनडोर चैंपियनशिप में, किस एथलीट ने पुरुषों के इनडोर हेप्टाथलॉन (men's indoor heptathlon) विश्व रिकॉर्ड को तोड़ते हुए 2012 इस्तांबुल चैंपियनशिप से चले आ रहे रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया?**

Ans A). निकलास कौल (Niklas Kaul) B). डेमियन वार्नर (Damian Warner) C). केविन मेयर (Kevin Mayer) D). साइमन एहमर (Simon Ehammer)

Correct Answer: D

**Q.95** **फरवरी 2026 में, केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने पूरे भारत में बुनियादी ढांचे की कमियों को दूर करने में सहायता के लिए किस स्कीम के अंतर्गत NIGRANI ऐप लॉन्च किया?**

Ans A). प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना B). प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम C). प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम D). राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन

Correct Answer: B

**Q.96** **ISRO और इंटरनेशनल स्पेस ऑर्गनाइज़ेशन की भागीदारी से आयोजित इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन स्पेसक्राफ्ट मिशन ऑपरेशंस (SMOPS-2026) का दूसरा संस्करण भारत के किस शहर में हुआ था?**

Ans A). पुणे B). बेंगलुरु C). चेन्नई D). हैदराबाद

Correct Answer: B

**Q.97** **अप्रैल–मई 2026 में हुए पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में, किस राजनीतिक दल ने राज्य में सरकार गठित करने के मामले में अपनी पहली जीत दर्ज की?**

Ans A). तृणमूल कांग्रेस B). भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस C). वाम मोर्चा D). भारतीय जनता पार्टी

Correct Answer: D

**Q.98** **नवंबर 2025 में, ICMR ने वेक्टर-जनित रोगों का तेजी से पता लगाने के लिए स्वदेशी नैदानिक टूलों को लाइसेंस दिया। कौन-सी तकनीक मुख्य रूप से डेंगू, चिकनगुनिया और जीका का एक साथ पता लगाने वाली इस सिंगल-ट्यूब को सक्षम बनाती है?**

Ans A). AI-सक्षम डेंगू सेंटिनल प्लेटफॉर्म (AI-Enabled Dengue Sentinel Platform) B). पोर्टेबल RT-PCR डिवाइस (Portable RT-PCR device)

C). CRISPR-Cas9 आधारित फीवर-स्कैन टूल (CRISPR-Cas9 Based Fever-Scan Tool)

D). सिंगल-ट्यूब मल्टीप्लेक्स रियल-टाइम RT-PCR विधि (Single-tube Multiplex Real-Time RT-PCR Method)

Correct Answer: D

**Q.99** **संशोधित ब्याज अनुदान योजना के अंतर्गत, बजट 2025 के अनुसार किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से लिए गए ऋण की नई क्रेडिट सीमा कितनी है?**

Ans A). ₹4 लाख B). ₹5 लाख C). ₹6 लाख D). ₹3 लाख

Correct Answer: B

**Q.100** **प्रोजेक्ट चीता के तहत बोत्सवाना से आए नौ चीतों को क्वारंटाइन बाड़ों (quarantine enclosures) में छोड़े जाने के बाद, वर्ष 2026 में कौन-सा राष्ट्रीय उद्यान समाचारों में रहा?**

Ans A). गिर राष्ट्रीय उद्यान, गुजरात B). कुनो राष्ट्रीय उद्यान, मध्य प्रदेश C). हेमिस राष्ट्रीय उद्यान, लद्दाख D). काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान, असम

Correct Answer: B

"